माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र–2019

क्रमांक:सैल–8/2019/41 दिनांक : 30.10.18

आठवी कक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाने के लिए शाला प्रधानों को आवश्यक निर्देश

कक्षा 8वीं की परीक्षा 2019 हेतु सभी विद्यालयों को परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरना अनिवार्य है। आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर 2018 (मध्यरात्रि) है ।

1– ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रकिया :– बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर Login करके शाला प्रधान परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र (प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र–2019) भरवा सकेंगे ।

2– शाला प्रधानों द्वारा गत वर्ष के Login ID तथा Password से इस वर्ष के आवेदन पत्र भरे जायेगें यदि शाला के पास Login ID तथा Password नही हो तो विद्यालयों को सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) अथवा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से Login ID (लॉगिन आई.डी) तथा Password (पासवर्ड) प्राप्त करना है ।

3– ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र का नमूना बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है जहाँ से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है । इस नमूने के आवेदन–पत्र की फोटो प्रतियॉं करवाकर प्रत्येक परीक्षार्थी से भरवाऐं । आवेदन पत्र पर परीक्षार्थी की फोटो लगवाकर काली स्याही से हस्ताक्षर कराने होंगे । इन परीक्षा आवेदन–पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार होनी चाहिये, यह सुनिश्चित कर लें । यदि आपके विद्यालय में इंटरनेट सुविधा है तो विद्यालय से ही ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरें जा सकेगे, अन्यथा परीक्षार्थियों के भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र समीप के किसी ई–मित्र कियोस्क अथवा कम्प्यूटर सेण्टर से प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 के लिंक पर Login ID (लॉगिन आई.डी.) तथा Password (पासवर्ड) से निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें ।

(अ) <u>विद्यालय प्रोफाईल भरना</u> :– सर्वप्रथम विद्यालय के प्रोफाईल की पूर्ति करें । जिसमें विद्यालय की श्रेणी (राजकीय/निजी), विद्यालय का क्षेत्र (ग्रामीण/शहरी), विद्यालय का पूर्ण पता मय पिनकोड, विद्यालय का ब्लॉक व जिला, विद्यालय का दूरभाष नम्बर मय एस.टी.डी. कोड, विद्यालय का ई–मेल, संस्था के प्रधान व परीक्षा प्रभारी का नाम व मोबाईल नम्बर आदि आवश्यक सूचनायें भरी जानी है ।

(ब) <u>परीक्षा आवेदन–पत्र भरना</u> :– विद्यालय प्रोफाईल भरने के पश्चात् परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन पूर्व में भरे हुए आवेदन–पत्रों के आधार पर भरें। प्राईवेट विद्यालय अपना मान्यता क्रमांक भी लिखें ।

(स) <u>चैकलिस्ट प्राप्त करना</u> :– सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनकी मुद्रित प्रति निकलवा लें । इन मुद्रित प्रतियों की जॉच मूल आवेदन–पत्रों से भली–भांति कर लें तथा आवश्यक संशोधन करें ।

(द) <u>चैकलिस्ट के आधार पर संशोधन</u> :– मूल परीक्षा आवेदन–पत्रों के आधार पर जो भी संशोधन अपेक्षित हों, ऑनलाईन डाटा में संशोधन करावें ।

(य) <u>डाटा लॉक करना व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करना</u> :– सभी संशोधन पूरे होने के पश्चात् Data Lock (डाटा लॉक) करें । Data Lock (डाटा लॉक) करने के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन आवेदन पत्रों में नही होगा । Data Lock (डाटा लॉक) के पश्चात एक बैच नम्बर प्राप्त होगा। बैच नम्बर के आधार पर परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिण्ट करावें ।

4– बैच नम्बर के आधार पर प्रत्येक परीक्षार्थी का अप्रुव्ड आवेदन–पत्र मुद्रित करें। इन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर हस्ताक्षर करके विद्यालय की सील अंकित करनी है । प्रत्येक परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक प्रलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें।

5– अग्रेषण सूची की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें । मूल प्रति, ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र मय प्रलेखों की प्रमाणित प्रति सम्बन्धित डाईट कार्यालय पर जमा करावें तथा इन्हे बोर्ड कार्यालय को कदापि नहीं भेजे ।

6– शाला प्रधान एक से अधिक बार भी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। इसके लिए अग्रेषण सूची में परीक्षार्थियों की क्रम संख्या पूर्व सूची के आगे से चलेगी । अर्थात पूर्व सूची में यदि 10 परीक्षार्थी थे तो इस अग्रेषण सूची में क्रमांक 11 से आगे भरे जायेंगे । जिनका बैच नम्बर अलग होगा ।

दोबारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के लिये पुनः क्रम संख्या 2 से 4 तक की प्रक्रिया अपनावें ।

ध्यान देने योग्य बाते :–

1– परीक्षार्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्रों की सभी प्रविष्टियों का सत्यापन विद्यालय रिकॉर्ड से अवश्य कर लें ।

2– बोर्ड की वेबसाईट पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी सभी निर्देश उपलब्ध है उनका भली–भांति अध्ययन कर लें । अन्य जानकारी के लिये वेबपोर्टल siksha.rajasthan.gov.in का अवलोकन करे।

3– ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने से सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी हो तो कार्यालय समय में दूरभाष 0151–2226570 पर सम्पर्क किया जा सकता है–

www.rajteachers.com

सचिव